डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा (समस्तीपुर)

दिनांक 16 अप्रील, 2021

प0सं0 46 / रा0प्र0के0कृ0वि0

परिपत्र

कोरोना संक्रमण से हमारी लड़ाई आप सभी के सहयोग से काफी हद तक सफल रही है। पिछले एक सप्ताह में विश्वविद्यालय परिसर में तीन नये मामले कुल आये हैं। लेकिन हमें सतर्कता तब तक बरतनी होगी जब तक यह संख्या शून्य पर न पहूँचे और परिसर से 'कन्टेनमेन्ट जोन' न हटा लिया जाय। इसी को ध्यान में रखते हुए निम्नांकित निर्णय लिया जाता है:

1. जिन लोगों के पाजिटिव टेस्ट का 14 दिन बीत चुके हैं और वे निगेटिव घोषित हं वे 19 अप्रील, 2021 से अपने कार्य पर आ सकते हैं। अपने कार्य योगदान पत्र के साथ पाजिटिव एवं निगेटिव रिपोर्ट की छाया प्रति संलग्न करना होगा।
2. जिन लोगों को 5 अप्रील, 2021 के बाद पाजिटिव पाया गया है वे अभी भी अपने घरों पर रहें तथा अगर कोविड के कोई लक्षण नहीं पाये जाते हैं तो वे 26 अप्रील, 2021 से कार्यालय में अपना योगदान दे सकते हैं। इन्हें भी योगदान पत्र के साथ पाजिटिव एवं निगेटिव रिपोर्ट की छाया प्रति संलग्न करना होगा।
3. समस्तीपुर, दरभंगा एवं मुजफ्फरपुर शहरों में संक्रमण अभी भी काफी फैला हुआ हैए अतः इन जगहों से रोज कार्यालय आने वाले सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय आने की अनुमति नहीं है। स्थिति को देखते हुए उनके बारे में निर्णय 24 अप्रील, 2021 को लिया जाएगा।
4. चूँकि विश्वविद्यालय परिसर अभी भी 'कन्टेनमेन्ट जोन' घोषित है, अतः सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे छुट्टियों के दौरान विश्वविद्यालय परिसर छोड़ कर न जायें साथ ही अपने परिवार के सदस्यों को भी विश्वविद्यालय परिसर में आने–जाने की अनुमति न दें। यदि काई आपातकालीन स्थिति होती है तो अधोहस्ताक्षरी को अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से लिखित में सूचित करें। लौटने पर ऐसे व्यक्तियों को एक सप्ताह होम आईसोलेशन में रहना पड़ेगा और किसी तरह का कोविड लक्षण न आने पर ही कार्यालय आने की अनुमति दी जाएगी। विश्वविद्यालय का सुरक्षा शाखा इस पर निगरानी रखेगी। आपको हिदायत दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति परिसर से बाहर छुट्टियों में न जायें, फिर भी अगर कोई छुट्टियों में बाहर जाते पाया जाएगा तो विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि आपके उपर समुचित कार्रवाई करे।

इस कोरोना काल में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे नियमों का पालन करें। सार्वजनिक स्थान पर मास्क का प्रयोग करें। विश्वविद्यालय के भवनों में प्रवेश के समय द्वार पर लगे हुए सैनिटाईज़र डिस्पेन्सर को प्रयोग करते हुए अपने हाथों को सानिटाईस करें। कार्यालय अवधि के समय एक–दूसरे सहकर्मि से कम–से–कम मिले और एक जगह इकट्ठा न हों। इन कार्यों से ही हम इस महामारी से लड़ सकते हैं और पिछले वर्ष की भॉति विश्वविद्यालय परिसर को कोरोना मुक्त करा सकेगें इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

प्र. श्रीवास्तव 16/08/2022

(प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः माननीय कुलपति को उनके सचिव के द्वारा सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी अधिष्ठाता एवं निदेशक/नियंत्रक/प्रभारी पदाधिकारी, सुरक्षा/सभी विभागाध्यक्ष एवं पदाधिकारी/कर्मचारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः प्रभारी पदाधिकारी, एरिस सेल को प्रचारित करने हेतु प्रेषित।